तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025



14 नगर में निकली भगवान गणेश की झांकी



13 राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता...






## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से कार चालक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** अपना निजी काम कर कार के माध्यम से वापस आ रहे दो लोगो को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे कार चालक को चोट लग गई, जिसके बाद कार चालक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 12 गंजपारा बालोद निवासी सुप्रीत शर्मा ने पुलिस को बताया कि 08 सितंबर को मैं अपने वाहन कार क्रमांक सीजी 24 वी 8555 से निजी कार्य से अपने दोस्त कमलेश वाधवानी के साथ ग्राम टेकापार गया था, कार्य पूर्ण होने के पश्चात वापस अपने घर आ रहे थे कि दोपहर लगभग 02.30 बजे ग्राम पारागांव के पास मेनरोड़ में सामने बालोद की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 06 एल 1282 के चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुये लाकर मेरे कार को टक्कर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरे दाहिने पैर के घुटना एवं पिंडली के पास चोट आया है। एक्सीडेन्ट करने से वाहन का दाहिने (ड्रायवर साईड) क्षतिग्रस्त हो गया है।

### साहू संघ की वार्षिक बैठक आज

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही की वार्षिक वैठक 10 सितंबर बुधवार को स्थानीय साहू सदन गुण्डरदेही मे सुवह 10 बजे रखा गया है। जिसमे तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा आय व्यय की जानकारी दी जाएगी। त्रिस्तरीय ग्रामीण परिक्षेत्र व तहसील की त्रिस्तरीय चुनाव संपन्न कराए जाने की जानकारी दी जाएगी व सभी परिक्षेत्र को चर्चा व विचार देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा ने तहसील, परिक्षेत्र व ग्रामीण पदाधिकारीगण को बैठक मे शामिल होने अपील की है।

### सुने घर में चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** घर के सभी सदस्यो के काम पर जाने के बाद अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी कुल 2,01,000 रूपये की चोरी कर लिया। जिसके बाद काम से वापस आए व्यक्ति ने घर में चोरी होना पाए जाने पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम घुमका निवासी मोहन लाल जांगडे ने पुलिस को बताया कि 08 सितंबर को प्रातः लगभग 06 बजे दाल बेचने ग्राम बघमरा की ओर गया था, मेरी पत्नि सीमा जांगड़े तथा भाभी महेश्वरी जांगड़े दोनो खेत निंदाई करने प्रातः 09 बजे चले गये तथा मेरा बड़ा भाई भगवानी राम जांगडे घर के दोनो दरवाजा में ताला लगाकर प्रातः 09.30 बजे ग्राम देवी नवागांव स्कूल पढाने के लिये चले


शेष पेज 12 पर


# बीड़ी फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, सरकारी जमीन पर कब्जा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/निकुम

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम देवसरा में संचालित बीड़ी एग्रोमिल्स प्राइवेट लिमिटेड किसान बायो सर्विसेज फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपना काम-धंधा छोड़कर जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के नेतृत्व में फैक्ट्री के मनमाने रवैये के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

ग्रामीणों ने फैक्ट्री मालिक विकास सोनी पर आरोप लगाया है कि वे फैक्ट्री की आड़ में सरकारी जमीन पर लगातार कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने गांव के खेल मैदान, पशुचारा मैदान और राइस मिल के पास की जमीन पर अवैध सड़क, पार्किंग और वेस्ट मटेरियल डालकर अतिक्रमण कर लिया है। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों के लिए बने शौचालयों का गंदा पानी सड़क किनारे गड्ढों में जमा हो रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री ने सोख्ता गड्ढा नहीं बनाया है।

**अवैध लकड़ी का इस्तेमाल:** ग्रामीणों और जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के अनुसार, फैक्ट्री ने पशु आहार और बायोमास ब्रिकेट उद्योग के नाम पर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लिया है, लेकिन वहां पशुचारा नहीं, बल्कि प्रतिबंधित अर्जुन की लकड़ी का इस्तेमाल किया


शेष पेज 12 पर


## खेल, पशुचारा मैदान, पार्किंग व सड़क पर वेस्ट मटेरियल डालकर अतिक्रमण



### अधिकारियों से शिकायत की तैयारी

ग्राम प्रमुख जागेश्वर वैष्णव ने कहा कि ग्रामीणों में फैक्ट्री के अवैध कब्जों को लेकर भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत जनपद पंचायत सदस्य नेमबाई साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर और कलेक्टर से की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने पशु चारागाह को सुरक्षित बनाने के लिए जिला पंचायत कोष से एक लाख रुपये की लागत से तार जाली लगवाने की बात भी कही। धरने में पालेश्वर देशमुख, होल्कर साहू, रामसिंह साहू, तारनदास, रूपेंद्र बारले, डोमन बारले, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हादसा

### अब जिंदगी और मौत से जूझ रही

# ट्रेन की चपेट में आई महिला दोनों पैर और एक हाथ गंवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

सोमवार दोपहर दल्लीराजहरा रेलवे ट्रैक पर एक हृदयविदारक हादसा हुआ। वार्ड 15 निवासी 40 वर्षीय महिला सरिता दास मानिकपुरी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला के दोनों पैर और एक हाथ कट गए।

दुर्ग से अंतागढ़ जा रही ट्रेन जब दल्लीराजहरा स्टेशन पार कर झरन मंदिर मोड़ स्थित पुलिया के पास पहुंची, उसी वक्त यह घटना घटित हुई। बताया जाता है कि यह स्थान वार्ड 12 की ओर जाने का मार्ग है और अक्सर लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि सरिता दास अचानक हड़बड़ाकर ट्रेन की चपेट में आ गई होंगी। घटना के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने महिला को बचाने की कोशिश की। पुलिस और आरपीएफ जवानों की मदद से सरिता को तुरंत चिखलाकसा शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के



बाद उन्हें गंभीर अवस्था में राजनांदगांव हायर सेंटर रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को बेहद नाजुक बताया है। घर की जिम्मेदारियों को निभाने वाली सरिता के दो छोटे पुत्र हैं। इस हादसे की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और हर कोई उनके स्वस्थ होने की दुआ कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पूरा क्षेत्र इस दर्दनाक घटना से गमगीन है।

### दल्लीराजहरा-रायपुर पैसेंजर ट्रेन में बढ़ी भीड़

**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा से रायपुर चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में रोजाना हज़ारों यात्री मौत के साए तले सफर करने मजबूर हैं। ट्रेन की बोगियों में इतनी भीड़ रहती है कि पैर रखने तक की जगह नहीं होती। हालात ऐसे हैं कि यात्री दरवाजों से लटककर जान हथेली पर रखकर सफर कर रहे हैं।

- सैकड़ों यात्री जोखिम में सफर करने मजूबर

रेलवे प्रबंधन की लापरवाही का आलम यह है कि, लगातार शिकायतों और मांगों के बावजूद अब तक न अतिरिक्त बोगियां लगाई गईं और न ही कोई ठोस व्यवस्था की गई। यात्रियों का कहना है कि रेलवे दल्लीराजहरा शहर के बीएसपी के खदानों से अरबों-खरबों रुपए का मुनाफा कमा रही है, लेकिन हमें मौत की सवारी करने के लिए मजबूर कर दिया गया है।



**दल्लीराजहरा पैसेंजर की हकीकत:** दल्लीराजहरा स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह लापरवाही किसी भी दिन भीषण हादसे को जन्म दे सकती है। रेल मंत्रालय और प्रबंधन की यह चुप्पी यात्रियों की सुरक्षा के साथ घोर मज़ाक है। यात्रियों का गुस्सा अब चरम पर है। लोग खुले शब्दों में कह रहे हैं कि रेलवे हमारे साथ जानवरों जैसा बर्ताव कर रही है। अरबों की कमाई उनकी जेब में जा रही है और हमें मौत का सफर थमा दिया गया है। दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने कहा कि यात्रियों को हमेशा कहा जाता है कि वह बोगियों के अंदर ही रहे अगर यात्री लटकते हुए जा रहे हैं, तो गलत है, अनुचित है, जान है तो जहान है।

# ठगी के दो मामलों में बड़ी कार्रवाई दिल्ली-हरियाणा से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

थाना गुरूर में अलग–अलग ठगी के मामले में गुरुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जिसमे दोनों प्रकरण के आरोपी को दिल्ली, हरियाणा से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई।

- ठगी की रकम और एटीएम कार्ड बरामद

पहले प्रकरण मे ग्राम सोरर निवासी प्रार्थी आशीष कुमार कुंभज ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 01 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2024 के मध्य मोबाईल नंबर 7700924716, 9054828269, एवं 9558427124 के धारक द्वारा ट्रेडिंग एप में 4,44,000 रूपया निवेश कराकर धोखाधड़ी किया है, जिसकी रिपोर्ट पर थाना गुरूर में धारा 318(4) बीएनएस, 66डी आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण मे ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर निवासी प्रार्थी सोमन लाल साहू में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसे मोबाईल नंबर 8794391040, 8472884655 एवं 9817626754 के धारक द्वारा विडियो कॉल कर एक लड़की अश्लील बातें व निर्वस्त्र होकर अश्लील हरकत कर रही थी, उसके बाद दिनांक 15 अक्टबूर 2024 को मोबाईल नंबर 9817626754 से फोन कर बोला कि मैं दिल्ली पुलिस से बोल रहा हूं, आपके




शेष पेज 12 पर


# महिला एवं बाल विकास विभाग की भर्ती में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग में संविदा भर्ती और पोषण आहार कार्यक्रम में कथित अनियमितता के विरोध में हिंद सेना ने कलेक्टर को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

- विरोध में हिंद सेना ने कलेक्टर को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसके प्रमुख बिंदु में आरोप है कि पिछले साल मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण इकाई के 8 और चाइल्ड हेल्थ के 8 रिक्त



पदों पर भर्ती के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार की नियमावली को दरकिनार किया गया।

संगठन का कहना है कि विभाग अपने चहेतों को नौकरी देने की कोशिश कर रहा है। इसके प्रमाण के रूप में एक संविदा कर्मचारी योगेश कुमार का उदाहरण दिया गया, जिसे पहले उच्च पद के लिए पात्र घोषित किया गया था, लेकिन अभ्यर्थियों के माध्यम से


शेष पेज 12 पर


### कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हिंद सेना ने कहा है कि यदि इन सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो बेरोजगार अभ्यर्थी संगठन के बैनर तले एक सप्ताह के अल्टीमेटम के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के सामने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंद सेना के प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी, दिग्विजय सिंह छत्री, मां कामधेनु सेवा दल के जिलाध्यक्ष राकेश जोशी सहित कई बेरोजगार अभ्यर्थी मौजूद थे।

## मापदंड पर खरे नहीं दिख रहे पेट्रोल पंप संचालक

# पेट्रोल पंप में न शौचालय और न ही हवा भरने की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

नगर सहित क्षेत्र के पेट्रोल पंपों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट को लेकर सख्ती बरती जा रही है। बिना हेलमेट पहुंचे ग्राहकों को पेट्रोल देने से साफ इंकार किया जा रहा है। एसोसिएशन इसे जन-जागरूकता अभियान बता रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या खुद पेट्रोल पंप संचालक उन नियमों का पालन कर रहे हैं, जो कंपनियों द्वारा अनिवार्य किए गए हैं?

कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार हर पेट्रोल पंप पर फ्री पेयजल, फ्री हवा एवं फ्री शौचालय जैसी सुविधाएं अनिवार्य हैं, लेकिन शहर के कई पंपों में इनका अभाव देखने को मिला। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि कहीं फ्री



हवा उपलब्ध नहीं है, तो कहीं शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब खुद पंप संचालक नियम तोड़ रहे हैं, तो उन्हें जनता पर पाबंदी लगाने का क्या अधिकार है?

**जांच और निगरानी पर भी उठे सवाल:** पेट्रोलियम कंपनियों के बनाए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच तक नहीं हो रही। पहले पेट्रोल पंप खोलने के लिए जिला प्रशासन के खाद्य विभाग से लाइसेंस लेना पड़ता था, जिससे विभाग निगरानी रखता था। लेकिन अब नए नियम के तहत पेट्रोलियम कंपनियों को फ्री होल्ड कर दिया गया है। नतीजा यह है कि ना ही खाद्य विभाग निगरानी कर रहा है और ना ही जिला प्रशासन।

**जनता के साथ लापरवाही:** ग्राहकों को हेलमेट के नाम पर परेशान करना और दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना, सीधे तौर पर जनता के साथ लापरवाही और अन्याय है। यदि नियमों का पालन करवाना है तो पहले पेट्रोल पंप संचालकों को खुद ईमानदारी से कंपनियों के मानकों पर खरा उतरना होगा। जिला प्रशासन की चुप्पी और पंप संचालकों की मनमानी ने साफ कर दिया है कि आम जनता की सुविधा और सुरक्षा से किसी को सरोकार नहीं है।

### मूलभूत सुविधाएं जरूरी

पेट्रोल पंप के संचालकों को मूलभूत सुविधाएं, शौचालय, हवा एवं अन्य सुविधाएं देना ही है। पेट्रोल पंप में उपलब्ध आवश्यक है, अगर किसी पेट्रोल पंप में मूलभूत सुविधा नहीं है तो आकस्मिक छापामारवाही कार्रवाई की जाएगी।

**- तुलसी ठाकुर,**
जिला खाद्य अधिकारी, बालोद




## खबर संक्षेप



### खुटेरी में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**बालोद/सिकोसा।** उच्च माध्यमिक शाला खुटेरी में प्राथमिक माध्यमिक तथा हायर सेकंडरी के शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन खुटेरी के ग्रामवासियों द्वारा किया गया। ग्राम के शिक्षाविद उत्तम ठाकुर द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जीवनी को बताया गया। पांडेय द्वारा शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। जनपद सदस्य किरण तारम ने बच्चों को आशीष प्रदान किया। इस आयोजन में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आभार प्रदर्शन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच खुटेरी गुमेंद्र टेमरे द्वारा किया गया। इस आयोजन पर प्राथमिक माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक के शिक्षकों और ग्राम खुटेरी के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### सशिमं के छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताआश्रम हथौद करहीभदर में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जागेश्वर सिंह साहू, अध्यक्षता प्राचार्य पवन कुमार साहू एवं विशेष अतिथि बसंत पांडेय, भोजराम अटनागर व विद्यालय के समस्त आचार्य थे। छात्रों ने विद्यालय के समस्त गुरुजनों को श्रीफल, तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। जागेश्वर सिंह साहू ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राचार्य पवन कुमार साहू ने छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ाई पर ध्यान देने एवं अनुशासित रहकर खूब पढ़ाई करने व अपने मंजिल को प्राप्त करने कहा। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती के अध्यक्ष, सेनापति एवं समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा किया गया।

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आज

**जामगांव आर।** भाजपा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन 10 सितम्बर को दोपहर 2 बजे जैन भवन जामगांव आर में रखा गया है। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की के लिए मार्गदर्शन देने मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री दुर्ग रोहित साहू की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायकगण, पूर्व मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जिला और जनपद सदस्य, सरपंच, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष, शैक्षणिक संस्थानों के अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष और मंडल के समस्त कार्यकर्ता आमंत्रित किए गए हैं।

# ग्राम पटेलों ने की भू-राजस्व अधिकार पूर्ण रूप से लागू करने की मांग

## रेंगाडबरी जोन में रविवार को ग्राम पटेलों की तहसील स्तरीय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी जोन में रविवार को ग्राम पटेलों की एक तहसील स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में 52 गांवों के पटेलों ने एकत्र होकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाया। उन्होंने 1959 के भू-राजस्व संहिता के तहत दिए गए अधिकारों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। मांगों में पटेलों ने भू-राजस्व संहिता 222 से 231 तक में दिए गए अधिकारों को पूरी तरह से लागू करने की मांग की। उनका कहना है कि अन्य राज्यों की तरह उन्हें भी पूर्ण अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिए। मांग की गई कि जमीन की खरीद-बिक्री, नामांतरण, फौती, सीमांकन और धान खरीदी के पंजीकरण जैसे कार्यों के लिए ग्राम पटेलों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया जाए। साथ ही, इन प्रक्रियाओं में पटेलों की उपस्थिति और हस्ताक्षर को भी अनिवार्य किया जाए ताकि भू-राजस्व लगान की वसूली सुगम हो सके। पटेलों ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में उन्हें स्थाई सदस्य के रूप में मान्यता देने की मांग की। उनका मानना है कि इससे ग्राम विकास में तेजी आएगी और मनमानी पर भी लगाम लगेगी। बैठक में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के सहयोग से ग्राम विकास एवं न्याय समिति का गठन करने पर भी चर्चा हुई। यह भी प्रस्ताव रखा गया कि बालोद जिले में भी एक विशेष अभियान के तहत इस समिति के क्रियान्वयन पर काम किया जाए।




### परिचय पत्र बनाने का प्रस्ताव पारित

बैठक में पटेल संघ को मजबूत करने के लिए परिचय पत्र बनाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस बैठक में पटेल संघ के अध्यक्ष कुशल सिंह मंडावी, उपाध्यक्ष नंदलाल कोर्राम, सचिव सनत कुमार साहू, सहसचिव विजय ठाकुर, संगठन मंत्री राधेलाल राणा, संरक्षक चंद्रशेखर सुखतेल, मुख्य सलाहकार रंजन साहू, तोरण लाल कृषाणे, राजू लाल कोठारी, सखाराम गोर्वान, अशोक सहारे, लक्ष्मण सिंह भंडारी, और रूषेन साहू सहित अन्य पटेल साथी उपस्थित थे।

## कृषक संगोष्ठी में किसानों को दी गई अधिक आय वाली फसल लगाने की सलाह

# धान की अपेक्षा गन्ना की खेती में ज्यादा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम ठेकवाडीह में मंगलवार को आत्मा योजना अंतर्गत कृषक संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कृषि विभाग एवं शक्कर कारखाना के संयुक्त रूप से संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को गन्ना खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिसमें ठेकवाडीह सहित आसपास के किसान सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना करकाभाट के मुख्य गन्ना विकास अधिकारी हाकिम सिंह ने किसानों को अवगत कराया की धान की जगह आप गन्ना की खेती कीजिए, धान की अपेक्षा गन्ना की खेती में ज्यादा लाभ है, क्योंकि गन्ने की फसल में पानी की आवश्यकता कम रहती है। बीमारी कम होती है, जितना ज्यादा उत्पादन आप पैदावारी करेंगे, उतना ही ज्यादा आपको फायदा होगा। किसान अगर प्रति एकड़ 500 से 600 क्विंवटल गन्ना उत्पादन करता है तो इतना अधिक लाभ होगा कि किसान धान की खेती करना बंद कर देगा, धान की खेती में पानी की खपत ज्यादा होती है, मौसम के प्रभाव के चलते कीटों का प्रकोप अधिक बढ़ जाता है, धान की फसल की नियमित देखरेख करनी पड़ती है, उत्पादन भी उनका कम आता है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है, उन्होंने किसानों को ज्यादा नहीं तो कम से खेती आरंभ करने की सलाह दी। मुख्य गन्ना सहायक विस्तार अधिकारी ने कृषक संगोष्ठी में आश्वस्त किया कि अगले सत्र में किसानों को गन्ने कटाई का 80 प्रतिशत भुगतान एक मुश्त की जाएगी जिससे गन्ना किसानों को समस्या ना हो। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीएल ठाकुर ने संगोष्ठी में किसानों को बताया कि गन्ने की फसल के अच्छी पैदावार के लिए संतुलित सिंचाई बेहद जरूरी होती है, ज्यादा पानी जमा होने से फसल गलने लगती है, वहीं पानी की कमी होने पर पौधे कमजोर पड़ जाते हैं, किसानों को खेत में जल निकासी की सही व्यवस्था करनी चाहिए ताकि पानी का ठहराव न हो, नियमित सिंचाई से फसल स्वस्थ रहती है और कीड़ों का प्रकोप कम होता है। कृषि विज्ञान केंद्र बालोद से डॉक्टर बलदेव अग्रवाल ने किसानों को गन्ने खेती के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें जोताई से लेकर सिलसिलेवार पौधों की दूरी एवं उनकी देखरेख एवं कीटो के प्रकोप के बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य तारादेवी यादव, सरपंच देवश्री साहू, कृषि विकास अधिकारी पूर्णिमा भार्गव, भाजपा महामंत्री ताम्रध्वज यादव, भेदु प्रसाद साहू, मुचकुंद रेपुर किसान भीखू राम साहू, शिवलाल साहू, ईश्वरलाल साहू, बृजलाल साहू, प्रवीण साहू, गुलाब साहू, नंदकुमार साहू, रिखी राम साहू, राम सिंह साहू, थानू राम साहू, गिरधर साहू, देवराज साहू, संतु राम साहू सहित किसान उपस्थित थे।

# शिकसा शिक्षक सम्मान से 21 शिक्षक सम्मानित



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग जिला के तत्वावधान में उ.मा. शाला अंजोरा ख दुर्ग में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिकसा शिक्षक सम्मान से 21 शिक्षकों को सम्मानित किया। जिसमें नीता त्रिपाठी, संध्या पाठक, किरण शर्मा, प्रकाश चन्द्र चेलक, शशिभूषण शर्मा, शशिकला चन्द्राकार, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, अंजुलता त्रिपाठी, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, के.कविता, सुभाषिनी ऐलन,अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे, को सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग फगनी निषाद, स्वाति शर्मा ने दिया इसलिए इन्हें भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संगीता साहू ने शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डालते कहा कि शिक्षक ही है जो समाज को दिशा देती है। व्याख्याता व शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक व संयोजक शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व प्राचार्य व जिला अध्यक्ष शिकसा होरी लाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता साहू जनपद सदस्य, विशेष अतिथि के रूप में नीता त्रिपाठी प्रांताध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संध्या पाठक-महासचिव महिला प्रकोष्ठ, शशिभूषण शर्मा जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ दुर्ग जिला उपस्थित रहे। प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी ने कहा कि शिवनारायण देवांगन मेहनती, जुझारू, कर्मठ, समाज सेवा कार्य करते आ रहे हैं। हमें गर्व है कि हमारे शाला में कार्यरत हैं। तबियत ठीक नहीं होने के बाद भी यह कार्यक्रम हो रहा है।

# जनपद सदस्य ने कलेक्टर से गिनाई क्षेत्र की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 14 की जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। ग्राम पटेली के आंगनबाड़ी केंद्र-1 और ग्राम उरझे के आंगनबाड़ी केंद्र की छत से पानी रिसने (सीपेज) की समस्या को हल करने की मांग की गई। भर्रीटोला-36 में नए हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का निर्माण। कुंजकन्हार से हायर सेकेंडरी स्कूल भर्रीटोला तक वन मार्ग का निर्माण। ढोर्रीठेमा से उरझे तक सड़क निर्माण की मांग रखी गई।

पटेली के वार्ड-12 में गली का सीमेंट से पक्कीकरण। डौंडी के गर्ल्स फुटबॉल क्लब के लिए खेल सामग्री हेतु आर्थिक मदद। मुलाकात के दौरान, कलेक्टर ने इन सभी बिंदुओं पर विचार किया और उनके समाधान के लिए अपनी अनुशंसा प्रदान की। इस अवसर पर, जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, मंजु बैस और आशा आर्य ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

# टीनाशेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक सिन्हा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- 10 लाख की लागत से बनेगा शेड, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों में मिलेगी मदद



ग्राम पंचायत जेवरतला, मुड़पार मे 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले टीनाशेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा द्वारा किया गया। जिसमें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि सरपंच डाडेसरा टोमन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोषण साहू, महामंत्री सादिक अली, धनुष साहू, सरपंच जेवरतला मुड़पार लिलेश्वरी साहू, सेक्टर अध्यक्ष विवेकानंद साहू, बूथ अध्यक्ष डोमेन्द्र, ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष मुड़पार मदन लाल साहू, उपाध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति मुड़पार भेंनुराम साहू, ग्रामीण विकास समिति सचिव मुड़पार महेंद्र कुमार गंगराले, उपसरपंच एवं समस्त पंचगण जेवरतला मुड़पार की सहभागिता रही। उक्त कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि गांव में शेड निर्माण कार्य करना सांस्कृतिक एवं सामाजिक –दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। जिससे आपके हर सुख– दुःख के कार्य चाहे कैसे भी मौसम रहे सरलता से संपन्न हो सके। गांव में विकास कार्य को होते देख ग्रामीण जन हर्शित नजर आए।

इस कार्यक्रम में गिरधारी लाल निषाद, डोमन लाल मंडावी, पुनारद राम साहू, तुलसीराम साहू, बाबूलाल साहू, वसंत कुमार उईके मनबोध साहू, अनुज राम साहू, धामन निषाद, यागवेंद्र साहू, युवराज उईके, नेमीन, रितु उईके, भुनेश्वरी, लोमीन बाई, बहरू राम विजय कुमार, दिनेश्वर, धीरपाल, तेजराम, डोमन लाल, अन्य ग्रामीण जन एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़कों पर घुमंतू मवेशियों का जमघट से दुर्घटना की आशंका



**अंडा।** ग्रामीण अंचल से लेकर मुख्य सड़कों तक इन दिनों घुमंतू मवेशियों का जमघट राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। सड़कों पर बैठे झुंड के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार गंभीर हादसे भी हो चुके हैं, प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने मवेशियों के आश्रय के लिए गांव-गांव में गौठान बनवाए थे, जहां पर्याप्त अधोसंरचना मौजद है।

वर्तमान सरकार ने इसे बदलकर 'गौधाम योजना' लागू करने का फैसला किया है, लेकिन यह अभी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। नतीजतन, अधिकांश गौठान बंद पड़े हैं और सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। दुर्ग-अंडा, दुर्ग-हनोडा-बोरसी, अंडा-निकुम सहित ग्रामीण मार्गों पर स्थिति सबसे गंभीर है। इन सड़कों पर आवारा मवेशी हर समय राहगीरों और किसानों के लिए परेशानी बने रहते हैं। जानकारों का कहना है कि अस्थायी गौठान बनाकर भी घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, लेकिन शासन-प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। यदि समय रहते इनकी व्यवस्था नहीं की गई तो न सिर्फ हादसे बढ़ेंगे, बल्कि किसानों की समस्याएं भी विकराल रूप ले लेंगी।

# गणेश विसर्जन पर सहगांव में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डौण्डीलोहारा।** ग्राम सहगांव में नवयुवक मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान श्री गणेश का विसर्जन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। विसर्जन यात्रा में ग्राम के समस्त जनमानस उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों एवं जयकारों के बीच गणपति बप्पा को विदाई दी गई। विसर्जन के पश्चात रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता ने लोगों का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण यह रहा कि ग्राम की सभी बालिकाओं ने मंच पर बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की सफलता में समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने भी सहयोग कर आयोजन को यादगार बनाया। ग्रामवासियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां धार्मिक भावनाओं को बल मिलता है, वहीं नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना भी जागृत होती है।



### अरजपुरी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में गणेश विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। 10 दिन तक पूजा अर्चना एवं भक्ति भाव से गणेश की स्थापना करने के बाद 11वें दिन श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। गांव-गांव में गणपति बप्पा मोरिया और गणेश भगवान की जय कारों से माहौल गूंज उठा। इसी तारतम्य में ग्राम अरजपुरी में ग्रामीणों ने एक साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। विसर्जन से पूर्व भक्तों ने नारियल, अगरबत्ती, चावल, फूल और दीपक से थाल सजाकर पूजा अर्चना की एवं प्रसाद वितरण किया। इसके बाद पिकअप और ट्रैक्टर में सवार होकर पूरे मोहल्ले और चौक चौराहे का भ्रमण करते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा को तालाब तक ले जाया गया। इस दौरान आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों के साथ लोग नाचते गाते हुए अगले बरस तू जल्दी आना पुकार लगाते रहे। ग्राम अरजपुरी में विसर्जन के अवसर पर अलग-अलग मोहल्ले में खीर पूरी प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए जिसमें धार्मिक आस्था और पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली।

## स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार पर दिया जोर

# शिक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



जनपद पंचायत में शिक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति के सभापति और उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने की।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए भोलाराम नेताम ने बताया कि ब्लॉक में रजत जयंती के अवसर पर एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में 550 मोतियाबिंद के मामले दर्ज हैं, और बरसात के बाद इन सभी का ऑपरेशन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मोतियाबिंद की सघन जांच करने का भी निर्देश दिया। उप स्वास्थ्य केंद्रों में सीएचओ के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रस्ताव बनाकर डीएम फंड से नियुक्ति के लिए भेजा जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में नेताम ने बताया कि ब्लॉक में 102 स्कूल भवन जर्जर हैं और दो हाई स्कूल भवन विहीन हैं। इनके लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि 40 व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दी गई है, जिससे 40 व्याख्याता के पद रिक्त हो गए हैं और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, सभी स्कूलों में गणवेश और पाठ्यपुस्तकें वितरित की जा चुकी हैं। शासन की नई योजना स्वच्छ हरित विद्यालय के तहत स्कूलों में पर्यावरण, स्वच्छता, जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए रेटिंग प्रणाली लागू की गई है। अगले साल ब्लॉक स्तरीय शिक्षक दिवस पर चयनित शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा:** महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान, यह बताया गया कि 17 आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं और 20 भवन पिछले दो सालों से निर्माणाधीन हैं। इन्हें जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जर्जर भवनों में आंगनबाड़ी नहीं लगाने की भी हिदायत दी गई। ब्लॉक में 6 महीने से 3 साल के 100 कुपोषित बच्चों को अधिकारियों और समाजसेविकाओं द्वारा गोद लिया गया है। 0 से 6 महीने तक के बच्चों पर भी विशेष ध्यान देने की योजना बनाई जा रही है, ताकि कुपोषण के स्तर को कम किया जा सके। नोनी सुरक्षा योजना के तहत अब तक 440 पंजीकरण हो चुके हैं। इस योजना का अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। कुपोषण को दूर करने के लिए कुपोषण मित्र की नियुक्ति की जाएगी, जिन्हें प्रति कुपोषित बच्चे पर 500 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इन बच्चों को रागी, केला, गुड़, अंडा, और चिकी जैसे अतिरिक्त पोषण आहार भी दिए जा रहे हैं। बैठक में शिक्षा समिति के सदस्य तुलेश्वर हिचामी, साधना सोरी, झमित बाई, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रोहित कुमार सिन्हा, परियोजना अधिकारी जागेश्वर सोरी, कृतेश मारगिया, स्वास्थ्य विभाग के कन्हैयालाल कुरपाल, और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सच्चिदानंद शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### बीड़ी फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ...

जा रहा है। इस फैक्ट्री के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लकड़ी तस्करों को बढ़ावा मिल रहा है, जो किसानों से औने-पौने दामों में लकड़ी खरीदकर यहां खपा रहे हैं। **एनओसी का उल्लंघन:** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनओसी में पेड़ लगाने की बात कही गई थी, लेकिन फैक्ट्री ने पेड़ लगाना तो दूर, आसपास के पेड़ों को कटवाने में मदद कर रही है।

### ठगी के दो मामलों में ...

खिलाफ एक लड़की एफआईआर कराने आयी है, विडियो कॉलिंग का रिकार्डिंग है, जिसके द्वारा दबाव देकर अपने दिये गये खाता में कुल 3,51,500 रूपया का डलवा कर धोखाधड़ी किया, जिसकी रिपोर्ट पर थाना पुरूर में धारा 308(2),318(4),3(5) बीएनएस, 66(घ) आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था। दोनों प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त पुलिस टीम दिल्ली एवं हरियाणा रवाना की गई थी। जो पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों मामलों के 01–01 आरोपी पावर हाउस के पास मिन्डकोला थाना हथीन जिला पलवल (हरियाणा) निवासी अंकित पिता बिसम्बर उम्र 24 वर्ष जाति जाट एवं ग्राम रहपुआ थाना पिनगवां जिला नूहं (हरियाणा) निवासी शाहिल खान पिता मुबीन खान 20 वर्ष को उसके सकुनत से पकड़कर थाना लाया गया। आरोपी से ठगी रकम एवं घटना में प्रयुक्त एटीएम कार्ड बरामद किया गया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई।

### महिला एवं बाल ...

जानकारी सामने आने के डर से बाद में उसे अपात्र कर दिया गया और सूची में सुधार किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि भर्ती के लिए आवश्यक अनुभव प्रमाणपत्र को लेकर भी मनमानी की जा रही है। नियमानुसार, महिला एवं बाल विकास, एनजीओ या कानून के क्षेत्र में काम का अनुभव मान्य होना चाहिए, लेकिन विभाग केवल सरकारी विभागों में काम के अनुभव को स्वीकार कर रहा है, जो कि नियमों के विरुद्ध है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन ने कुछ अस्थायी संविदा कर्मचारियों की सेवा अवधि बढ़ा दी है, जो शासन के नियमों के खिलाफ है। इससे कई पात्र और योग्य अभ्यर्थियों को नुकसान हुआ है, क्योंकि उन पदों पर नई भर्ती नहीं हो पा रही है।

### सुने घर में चोरी, अज्ञात चोर ...

गया था। मैं दाल बेचकर प्रातः 11.30 बजे घर आया तो सामने के दरवाजा में ताला लगा था, ताला का चाबी मेरे पास था, जिसे खोलकर अंदर गया तो दुसरा दरवाजा खुला हुआ था, तब मैं अंदर गया तो बेडरूम में रखे छोटा एवं बड़ा आलमारी दोनो खुला हुआ था, छोटा आलमारी का लाकर टुटा हुआ था तथा बड़ा आलमारी में रखे सोने चांदी का सामान का डिब्बा बिस्तर पर पड़ा था। आलमारी एवं डिब्बा में रखा 01 तोला सोने का गुलबंद, 01 तोला मंगलसूत्र सोने का, 01 तोला सोने का झुमका, 15 तोला का चांदी का पायल, 22 तोला वजनी चांदी का करधन, 15 तोला वजनी चांदी का हाफ करधन, सोने का फुल्ली 2 नग, बच्चो का सोने का लाकेट एवं चांदी का करधन, चांदी बिछिया 5 जोड़ी, सोने का अंगुठी 2 नग, एवं आलमारी के अंदर रखे बैग में नगदी रकम 25,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

## खबर संक्षेप



### सिरपुर की रैमून ने जीता तीज मिलन का प्रथम पुरस्कार

**डौंडीलोहारा।** जिला साहू संघ बालोद महिला प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष भी जिले की महिलाओं के लिए तीज मिलन और मातृ शक्ति सम्मेलन का आयोजन रखा गया, जहां विभिन्न प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता भी हुई। इस प्रतियोगिता में ग्राम सिरपुर परिक्षेत्र व तहसील डौंडीलोहारा की रैमून पीलू राम साहू, छत्तीसगढ़ के पुराने गहने सुंता, पहुंची, करधन, ऐंठी रुपया माला के साथ सोलह श्रृंगार के साथ प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त की। इस अवसर पर ग्रामीण से लेकर प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### 29 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**गुण्डरदेही।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में सरस्वती सायकिल योजना के तहत कक्षा 9 वी के 29 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर कृष्ण कुमार साहू, जनपद पंचायत सदस्य भाठागांव कौशल किशोर साहू, सदस्य भानु साहू एवं प्राचार्य शेष नारायण वर्मा उपस्थिति रहे। कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि कोई भी छात्र स्कूल जाने से वंचित न रहे इसलिए शासन ने यह महत्वपूर्ण योजना बनाई है। बच्चे नियमित रूप से स्कूल आए और अध्ययन करें। इस अवसर पर व्याख्याता गजेन्द्र यदु, चंद्रशेखर तिवारी, सुमन तिवारी, पीला लाल देशमुख, खेमराज साहू, प्रमोद कुमार देशमुख, जीएफ तिग्गा, विनोद नेताम, डीलेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, नारायणी जगत, रंजना सिंह, भद्रशीला देशमुख, शीतल बनसोड, नीलम सिंह, कौशिल्या देवांगन, मिताली देवांगन, चित्रकांत साहू, पुरुषोत्तम खरे सहित स्टाफ उपस्थित थे।

### कॉलेज में मना शिक्षक दिवस



**बालोद।** घनश्याम सिंह गुप्ता स्नातकोत्तम महाविद्यालय के विधि विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया व उन्हें उपहार भेंट किया गया। महाविद्यालय के विधि विभाग में एलएलबी प्रथम वर्ष से लेकर तृतीय वर्ष व एलएलएम के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा अपने द्वारा लाए गए भेंट प्रत्येक शिक्षकों को प्रदान किया गया। वहीं शिक्षकों पर विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन व कविताएं प्रस्तुत की।

## पहल : जीएसटी सुधारों से स्वास्थ्य, शिक्षा और किसानों को भी राहत

# जीएसटी दरों में कटौती से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जीएसटी दरों में हालिया कटौती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी खरीद क्षमता, घटेंगे दाम

एक राष्ट्र – एक टैक्स की भावना को साकार करते हुए जीएसटी ने देश को जटिल कर प्रणाली से मुक्त किया है। अब इसमें दरों का सरलीकरण, उपयोगी वस्तुओं पर शून्य कर और कई उत्पादों पर करों में 10 प्रतिशत तक की कटौती जैसे क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं। यह फैसला जनता की जेब में पैसा डालने वाले हैं, जिससे उनकी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं सूचना आयोग संपर्क व न्यायिक मामलों के प्रभारी डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने भाजपा जिला कार्यालय, बालोद में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। डॉ. मिश्रा ने बताया कि 2017 से पहले 17 तरह के टैक्स और 13 सेस देश में लागू थे, जिससे व्यापारियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जीएसटी लागू होने के बाद से देश में करदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, करदाताओं की संख्या 70 वर्षों में 66 लाख तक पहुंची थी जा 8 वर्षों में 85 लाख तक पहुंच गई है।



जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों से न केवल उद्योग, व्यापार और किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा क्षेत्रें में भी राहत मिलेगी। कई जरूरी उत्पाद जैसे तेल, टूथपेस्ट, शैम्पू, पनीर, ट्रैक्टर के कलपुर्जे, बीमा, और कृषि उपकरण अब सस्ते होंगे।

छत्तीसगढ़ को भी इस सुधार से बड़ा लाभ मिलने वाला है। कोयले पर लगे सेस के 50 प्रतिशत हिस्से का राज्य को लाभ मिलेगा, जिससे अनुमानतः राज्य को हर वर्ष 2000 से 3000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। इसके अतिरिक्त 6200 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधारों के लिए दी गई है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब परिषद में निर्णय लिया जाता है तो विरोध करते हैं और बाहर आकर सरकार की आलोचना करते हैं। डॉ. मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि इन सुधारों का अमेरिकी टैरिफ नीति से कोई संबंध नहीं है। इस पर कार्य योजना डेढ़ वर्ष पहले ही प्रारंभ हो चुकी थी।

प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गणेश विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गणेश विसर्जन के समय हुए मामूली विवाद के कारण दो पक्षो में मारपीट व गाली-गलौज हो गई। जिसके बाद दोनों ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने अलग अलग धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

प्रथम पक्षकार ग्राम ओटेबंद थाना गुण्डरदेही निवासी अगेश कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि 08 सितंबर को हमारे गांव में गणेश विसर्जन के समय लक्की देशमुख द्वारा मेरे घर के सामने गाली गलौच कर रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर लक्की देशमुख व उसका फुफा संतोष देशमुख दोनों ने मुझे गाली-गलौच एवं धक्का मुक्की किये, फिर मै वहां से चला गया। रात्रि 09.30 बजे मै गांव के लक्ष्मी भवन गणेश पंडाल के पास खड़ा था तभी संतोष देशमुख व लक्की देशमुख आये व दोनो गाली गलौज करते हुए धमकी देते हुए हाथ–मुक्का से मेरे साथ मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे चेहरा व बाये हाथ की कलाई में चोंट आया है। जिसके बाद दोनो के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया हूं। द्वितीय पक्षकार ग्राम ओटेबंद थाना गुण्डरदेही निवासी लक्की देशमुख ने पुलिस को बताया कि 08 सितंबर को हमारे गांव में गणेश विसर्जन के समय सड़क जाम के संबंध में अगेश यादव के साथ वाद–विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर रात्रि करीबन 09.30 बजे अगेश यादव मेरे घर के सामने आकर मुझे गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा था। बीच बचाव करने के लिये मेरी दादी रामबाई देशमुख व बुआ शकुन वर्मा आये तो उन्हे भी गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे बाये कंधा में चोंट आया है व मेरी दादी के बाये कंधा व हाथ में चोंट आया है एवं बुआ के दाहिने हाथ की कलाई में चोंट आया है। जिसके बाद पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराया हूं जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## 90 साल तक साथ रहने के बाद, 24 घंटे में हुआ बुजुर्ग दंपत्ति का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर





बहुत ही कम देखने या सुनने को मिलता है कि साथ जीना साथ मरना का सपना साकार होता हो, लेकिन गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम अर्जुनी मे इस तरह की घटना देखने को मिला जहां 80 एवं 90 वर्ष की लंबी उम्र तक एक साथ जीवन जीने के बाद वृद्धा दंपति ने 24 घंटे के अंतराल मे एक साथ इस संसार से विदाई ली।

जानकारी के मुताबिक 4 सितम्बर को 80 वर्षीय पत्नी बासन बाई साहू का निधन हो गया, इस घटना के दूसरे दिन 5 सितम्बर को बासन बाई साहू के पति 90 वर्षीय मनराखन लाल साहू का निधन हो गया।

बताया गया कि दोनों वृद्ध पति पत्नी की तबीयत कुछ दिनो से अस्वस्थ चल रहा था। वे अपने पीछे बेटे, बहू एवं पोते पोती से भरा पुरा परिवार छोड़कर चल बसे, उन दोनों का अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया।

जहां स्वजातीय संहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे शामिल हुए। वे शंभु राम साहू, मन्नान एवं छन्नूलाल साहू के माता पिता थे। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधी थानसिंह मंडावी, पंचबती साहू, कौशिल्या साहू,नूतन साहू, कमलेश साहू, मोहन लाल साहू, वीणा साहू संहित ग्रामीण जन उपस्थित होकर वृद्ध दंपति को श्रद्धाजंली अर्पित कर शोक व्यक्त किए।

## ई-रिक्शा खड़ा करने पर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना ग्राम कचांदुर में 7 सितंबर की रात करीब 8 बजे हुई।


पहला पक्ष ग्राम कचांदुर निवासी ई-रिक्शा चालक चंदन बघेल ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त समीर टंडन के साथ मोमोस-चाऊमीन की दुकान बंद करके लौट रहे थे। घर के पास ई-रिक्शा ले जाने की सुविधा नहीं होने के कारण उन्होंने अपनी ई-रिक्शा को मंगलीन बाई यादव के घर के सामने सड़क पर खड़ा किया और सामान उतारने लगे। इसी दौरान मंगलीन बाई यादव, उनकी बेटी कुंती कुमारी यादव और बेटे झुम्मन यादव वहां आए और ई-रिक्शा को उनके घर के सामने खड़ा करने पर गाली-गलौज करने लगे। चंदन के अनुसार, मंगलीन बाई ने उन पर स्टील की बाल्टी से हमला किया, जिससे उनके सिर में चोट आई और खून बहने लगा। वहीं, कुंती और झुम्मन ने उन्हें पकड़ लिया और धमकी दी कि अगर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई, तो वे उन्हें झूठे केस में फंसा देंगे। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मंगलीन बाई यादव ने भी पुलिस में शिकायत में बताया कि 7 सितंबर की रात करीब 8 बजे उनके पड़ोसी चंदन बघेल ने अपना ई-रिक्शा उनके घर के सामने खड़ा कर दिया। जब उन्होंने चंदन से ई-रिक्शा हटाने के लिए कहा, तो वह गाली देने लगा और स्टील के चम्मच जैसे किसी सामान से उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में उनके दोनों हाथों में चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115(2) और 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## राज्य स्तरीय बालक-बालिका वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता शहर में 12 से 14 सितंबर तक

### विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन बालोद शहर के टाऊन हाल में 12 से 14 सितंबर तक होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर दिव्या मिश्रा करेंगी।

अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी करेंगी और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, एडिशनल कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, समाजसेवी रजनी वैष्णवी, वार्ड 18 के पार्षद गिरजेश गुप्ता, वार्ड 19 के पार्षद श्यामा यादव के साथ और भी अन्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार कार्यक्रम की समापन हेतु अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल, प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ यशवंत जैन, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद टोमन साहू, पूर्व विधायक संजरी बालोद प्रीतम साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव के साथ अन्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 20 जिलों से लगभग 200 से 250 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं अधिकारी शामिल होंगे। इन सभी खिलाड़ियों के रहने, खाने की सुविधा जिला वेट लिफ्टिंग संघ के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी का चयन फरीदाबाद के मोदीनगर में होने वाली राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए होगा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला वेटलिफ्टिंग संघ बालोद के डोमेन्द्र भेड़िया और अध्यक्ष आरपी यादव का विशेष मार्गदर्शन मिल रहा है।

## बासीन में 10 लाख की लागत से टीना शेड निर्माण का भूमिपूजन

**गुरूर।** ग्राम पंचायत बासीन में बाजार चौक के पास 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले टीना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं सार्वजनिक शौचालय परिसर सह दुकान लागत 4.50 लाख रुपए का लोकार्पण मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के द्वारा किया गया।

जिसमें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोषण साहू, ब्लॉक महामंत्री सादिक अली, उपाध्यक्ष महिला ब्लॉक कांग्रेस गुरूर राजश्री क्षत्रिय, सरपंच बासीन छगनलाल गजपाल, मेघु राम साहू, ग्राम पटेल शिवलाल गजपाल, सेक्टर अध्यक्ष डोमेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष खुलेश्वर निषाद की सहभागिता रही। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि दुकान परिसर से लोगों को स्व रोजगार मिलेगा और पंचायत की आय भी बढ़ेगी। पूर्व गृहमंत्री को याद करते हुये विधायक ने कहा कि हम जब भी पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पास कोई काम लेके जाते थे तो तत्काल उस काम का परमिशन और बजट पास हो जाता था। लेकिन अभी भाजपा सरकार मे समय लगता है। विधायक ने शिव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण का वादा भी ग्रामीणों से किया ताकि लोगों को मंदिर में जाकर पूजा करने मे कोई दिक्कत न हो। गांव मे हो रहे विकास कार्यो को देखकर बासीन के ग्रामीणों मे हर्श व्याप्त था। ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कोमल हिरवानी उमेश कुमार साहू, अध्यक्ष निषाद समाज बासिन देवधर निषाद, शत्रुघन निषाद, सियाराम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति बासिन निरंजन राम साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर उमेश कुमार साहू व अन्य ग्रामीण जन एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



**हर सेक्टर में एक एसएचजी से आपूर्ति की जिम्मेदारी, 12-15 लाख का मासिक कारोबार**

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल-बिहान से जुड़ी महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, महिला सशक्तिकरण के तहत जिले में महिलाओं का समुदाय आधारित स्व–सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संगठन के रूप में वृहद् फेडरेशन तैयार हुआ है जिसका संचालन, प्रबंधन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इससे इनमें कुशल नेतृत्व का विकास एवं आत्मविश्वास में वृध्दि हुई है, इसी का परिणाम है, कि महिलाएं अब संगठनों के संचालन के साथ विभिन्न स्व–रोजगार एवं आजीविका मूलक गतिविधियों में संलग्न होकर अपने कौशल को निखार रही है।

■ हल्दी, धनिया, मिर्च, मसाला और आचार उत्पादन में महिलाओं की भागीदारी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न आय सृजन कार्यों से जोड़कर 'लखपति दीदी' बनाने की व्यापक पहल प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत जिले में कृषि संबंध गतिविधियों के अधिक संभावनाओं के दृष्टिगत स्व–सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा हल्दी, धनिया, मिर्च, मसाला, आचार, पापड़ जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं का निर्माण बड़ी मात्र में किया जा रहा है। जिसका विक्रय समूह की दीदीयों द्वारा स्थानीय व्यापारियों, हॉट बाजारों में किया जाता है। इन उत्पादित सामाग्रियों से सहायता समूह की महिलाओं विक्रय को बढ़ाने में स्थायित्व प्रदान करने हेतु उत्पादकों को ऑगनबाडी केन्द्रो से लिंक किया गया है। इसका प्रारंभ विकासखंड गुरूर से प्रारंभ कराया गया है, जहां महिला बाल विकास द्वारा संचालित 240 आंगनबाडी केन्द्रों में सूखा राशन प्रदाय बिहान की सदस्यों द्वारा किया जा रहा है, जनपद पंचायत गुरूर के बीपीएम लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि विकासखंड गुरूर के आंगनबाडी केन्द्र 9 सेक्टर में विभाजित है।

एसएचजी उत्पादों को बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने हेतु इन्हे विभिन्न संस्थाओं में लिंक कराने सुखा राशन के मांग आकलन कर प्रत्येक सेक्टर हेतु 01 एसएचजी सामाग्री आपूर्ति हेतु चयनित किया गया है तथा प्रत्येक माह लगभग 12 से 15 लाख के विभिन्न सामाग्री यथा हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाला, तेल, गुड़, सिलेंडर, हरी सब्जी, आचार आदि सम्मिलित है, जिसमें से अधिकतर उत्पादों का निर्माण समूह के दीदीयों द्वारा ही किया जाता है।

ग्राम चुलहापथरा की भवानी स्व–सहायता समूह की दिनेश्वरी साहू बताती है कि हमारे समूह द्वारा विगत 02 वर्षो से 02 सेक्टर से 50 से 60 आंगनबाडी केन्द्रो में सूखा राशन प्रारंभ कराया जा रहा है। प्रारंभ में उत्पादों को बाजार से क्रय कर आपूर्ति की जाती थी, किंतु बिहान के सहयोग से मेरे द्वारा प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है, अब मैं मसाले, बेसन आदि उत्पादों का निर्माण स्वयं करती है। इससे हमें अब तक 22.50 लाख आय एवं 2.80 का शुध्द लाभ भी प्राप्त हुआ है। इस प्रकार उत्पादों के स्थानीय विक्रय व्यवस्था से हमारी आमदानी के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित बनाने की अपील

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि आम नागरिक शासकीय कार्यालयों में उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण नहीं होने के पश्चात अंतिम विकल्प के रूप में अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारी–कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि कलेक्टर जनदर्शन में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित की जाए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चंद्रवंशी ने जिले में कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों की समुचित देखभाल कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। बैठक में चंद्रवंशी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित बनाने हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




उन्होंने कहा कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु प्रत्येक जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को एक–एक कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी समुचित देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। चंद्रवंशी ने कहा कि इस पुनीत कार्य में अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को गोद लेने के पश्चात उन्हें निर्धारित समयावधि में सामान्य श्रेणी में लाने तक उन बच्चों का समुचित देखभाल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि उन बच्चों को समय पर पौष्टिक भोजन, नाश्ता इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बैठक में चंद्रवंशी ने घुमंतू गौवंश पशुओं को सड़कों, चौक–चौराहों से हटाकर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने तथा उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए गौधाम योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को चयनित स्थानों पर गौधाम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में चंद्रवंशी ने जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर के निर्माण कार्य के प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों के अंतर्गत ग्राम करेंझर स्थित राजाराव पठार मेला स्थल में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बालोद विकासखण्ड को जिले का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने की जानकारी भी दी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने जिले के नगरीय निकाय जहाँ विगत दो वर्षों में एक भी बाल विवाह के प्रकरण नही मिला है। इन नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय बनाने हेतु इस आशय का पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे कि इन नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किया जा सके। बैठक में चंद्रवंशी ने समय–सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में इसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम आगमन पर स्वागत किया



**अंडा।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा का प्रथम दुर्ग आगमन पर दुर्ग ग्रामीण अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख के नेतृत्व में ग्राम चंदखुरी बस स्टैंड सड़क पारा मे भव्य आतिशबाजी एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी मन की बात मुकेश बेलचंदन, संयोजक राजू चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, नूतन निर्मलकर मंडल उपाध्यक्ष,गब्बर साहू महामंत्री, राजेश चंद्राकर मंडल मंत्री, अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य अंडा, हेमलता देशमुख पूर्व सरपंच, लक्ष्मी कन्नौजे, त्रिवेणी देवांगन,प्रवीण यदु अध्यक्ष भाजयुमो, टीकाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, राकेश चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य, लुकेश देवांगन मीडिया प्रभारी, भैय्या लाल साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निकुम, धर्मेंद्र देशमुख, करण सेन सरपंच,रमाकांत देशमुख व भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 9वीं की 12 छात्राओं को सायकिल का वितरण

**गुरूर।** शासकीय हाई स्कूल जगतरा में शासन की सरस्वती सायकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 09वीं की 12 छात्राओं को सायकिल वितरण किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत बालोदगहन के सरपंच भगवानदास मुरचुरिया, संस्था के प्राचार्य केएस कटेन्द्र, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, विद्यालय के व्याख्यातागण आरके सिन्हा, आरके धुरव, लीना पांडे एवं छात्र व पालकगण उपस्थित थे।

### कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन उगाने की सलाह दी



**गुरूर।** ग्राम कनेरी में कृषि विभाग द्वारा किसानों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन मे किसानों सें रवि फसल के लिए धान के स्थान पर चना, गेहूं, सरसों, मसूर, तीवरा जैसे दलहन व तिलहन की फसल लेने पर चर्चा की गई। इस बैठक में कृषि विस्तार अधिकारी मिलाप राम साहू, जनार्दन सिन्हा, बालकिशन सिंन्हा, गैंद लाल सिन्हा, यशवंत साहू, विशाल बघेल, सनातराम ठाकुर, मोतीलाल सिन्हा, नोहर सिन्हा, केदार सिन्हा, जानू राम साहू, रोहित छपेनद, यशवंत साहू, दिलीप यादव, हेमनाथ सिन्हा, रोशन पटेल, पवन सिन्हा, सुनहरे ढीमर, शंभू देव, पुनीत सिन्हा उपस्थित थे।

### धोबनपुरी स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धोबनपुरी में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र–छात्रओं को पूरनलाल साहू, संजय दास मानिकपुरी, भुवनलाल सेन, केजू राम ठाकुर एवं लकेश्वर गजभीम द्वारा अपने बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर संयुक्त रूप से न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक टी के हिरवानी प्रधान पाठक, संजय साहू, उत्तम साहू, योगेंद्र शिवना उपस्थित थे।

### आवागन बाधित करने वाली दुकानों को हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर मॉडल टाउन के सामने चाट, गुपचुप, फल वालो द्वारा सड़क बाधित कर दुकाने संचालित की जा रही थी, जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा था। स्थानीय लोगो द्वारा इसकी शिकायत जनदर्शन में की गई थी। दुकान संचालको को कई बार स्वयं से दुकान हटाने के लिए बोला गया, फिर भी नहीं हटाया गया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्रवाई

**भिलाई।** जोन 1 अंतर्गत वार्ड 2 स्मृति नगर के व्यावसासियों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर में गंदगी पाए जाने सहित सोर्स सेग्रीगेशन (पृथक गिला, सूखा) नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करते हुये 9500 रुपए जुर्माना वसूला गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# पितृपक्ष का आगाज : पूर्वजों का आगमन, घर-घर तर्पण और पकवानों से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भाद्रपद पूर्णिमा के साथ पितृपक्ष का शुभारंभ हो गया है। सोमवार से पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण का क्रम शुरू हो गया। दल्लीराजहरा शहर समेत आसपास के गांव साल्हे, सिघनवाही, कोकान, बोरगांव और ठेमाबुजुर्ग में इस दिन कामधाम बंद रखा गया। लोगों ने घर-आंगन की गोबर से लिपाई कर आटे का चौक बनाया और उसमें पितरों का आह्वान कर उन्हें विराजित किया। परंपरा अनुसार सुबह स्नान के बाद सबसे पहले पितरों को तर्पण अर्पित किया गया। मान्यता है कि पितृपक्ष के पहले दिन बैसकी मनाकर पूर्वजों का घर-घर आगमन होता है, जो अमावस्या तक 15 दिन तक चलता है। इसी दौरान श्राद्ध और तर्पण के माध्यम से लोग अपने पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

दल्लीराजहरा के पंडित प्रेम शुक्ला और सनत पाठक के अनुसार, पितृ विसर्जन अमावस्या को किया जाएगा। इस पूरे पखवाड़े में शुभ कार्य, नया वाहन, कपड़े या बर्तन जैसी वस्तुओं की खरीदी अशुभ मानी जाती है। वहीं, नवमी तिथि को मातृ नवमी मनाई जाती है, जिसमें मृत हो चुकी महिलाओं के लिए विशेष तर्पण किया जाता है। पूर्वजों के स्वागत और तृप्ति के इस पावन अवसर पर घर-घर पकवान बनाए जाएंगे और श्रद्धा-सम्मान के साथ पितरों को अर्पित किए जाएंगे।

घर-आंगन की गोबर से लिपाई कर आटे का चौक बनाकर पितरों का आह्वान किया







## विसर्जन : विभिन्न वार्डों से झांकियों के साथ विसर्जन यात्रा निकली गई

# नगर में निकली भगवान गणेश की झांकी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गणेशोत्सव की ग्यारह दिवसीय आराधना और भक्ति की गूंज मंगलवार की रात अपने चरम पर रही। दल्लीराजहरा पूरा शहर नयनाभिराम झांकियों से दैदीप्यमान हो उठा। हर चौक, हर गली में सजे आकर्षक झांकी मंचों ने ऐसा अद्भुत नजारा प्रस्तुत किया कि देखते ही लोग मंत्रमुग्ध हो उठे।

झांकियों के बीच भक्ति और उल्लास का ऐसा संगम देखने को मिला कि रातभर शहरवासी झूमते-गाते और थिरकते नजर आए। ढोल-ताशों की गूंज, भजन-कीर्तन और आतिशबाजियों ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया। लोग अपने परिवारों के साथ झांकियों का आनंद लेने निकले और देर रात तक सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा। अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा का विसर्जन श्रद्धा और आंसुओं के साथ किया गया। ग्यारह दिन तक घर-घर और पंडालों में विराजे गणेशजी को भक्तों ने "अगले बरस तू जल्दी आना" की पुकार के साथ विदा किया। विभिन्न वार्डों से झांकियों के साथ विसर्जन यात्रा निकली, जिनमें श्रद्धालुओं का अपार उत्साह देखने को मिला।



बुधवार को शहर में एक भव्य आयोजन होगा। सभी झांकियों का सामूहिक प्रदर्शन किया जाएगा।

विशाल झांकियां एक साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर गणपति बप्पा के जयकारों से आकाश गुंजायमान करेंगे। शहर की गलियां और चौक एक बार फिर भक्ति, उत्साह और रंगों से सराबोर हो उठेंगे। यह आयोजन न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सामूहिक शक्ति का भी परिचायक बनकर सामने आ रहा है।

### धूमधाम से हुआ गणेश व भोजली विसर्जन



**गुरूर।** ग्राम दर्रा में धूमधाम से गणेश विसर्जन एवं भोजली विसर्जन किया गया। जिसमें विश्वकर्मा समाज द्वारा सिर पर भोजली कलश धारण कर गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। ढोल बाजे के साथ नाचते झूमते बच्चों एवं युवाओं में उत्साह देखा गया। वही ग्रामीणों ने भगवान गणेश भोजली की आरती पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि यह पांचवा वर्ष है। जहां प्रतिवर्ष भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर भोजली रखा जाता है, जहां विसर्जन के दिन शोभा यात्र कर विसर्जन किया जाता है। इस अवसर पर सरिता विश्वकर्मा, गोपी, महेश्वरी, नीरज, पूजा, रामेश्वर, उमेश्वरी, हारमीन, दुर्गा, लोमीन, पवन ,गौरी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।





# 23 लोगों के नेत्रदान से 46 लोगों को मिली रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के तत्वाधान मे जिला बालोद अंतर्गत समस्त विकास खण्ड स्तर पर नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

■ नेत्रदान महादान अभियान से बढ़ रही जागरूकता

इसके तारतम्य मे जिला अस्पताल बालोद मे नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जे.एल.उइके के निर्देशन मे सिविल सर्जन डॉ आरके श्रीमाली की उपस्थिति मे किया गया।

जिसमे डॉ बीएल रात्रे, डॉ. साव, डॉ. नुरेन्द्र साहू, डॉ. अजय साहू, डॉ. कमलकांत, डॉ. पंकज सोरी, नेत्र सहायक अधिकारी कुशल साहू, मुकेश साहू, चन्द्रप्रकाश मिरी, टिकेश्वर देवांगन, सुनील देवदास, शैलेन्द्री नेताम, स्टाफ नर्स उपस्थित थे।

डॉ. एल.एन. वर्मा नेत्र विषेशज्ञ सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा द्वारा नेत्रदान के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। बालोद जिला बनने के बाद अभी तक 23 लोगों का मरणोंपरांत नेत्रदान किया जा चुका है। 23 व्यक्ति के नेत्रदान से 46 लोगों को जो कार्नियस ब्लाइंड को उनको ज्योति प्रदान की गई है। सिविल सर्जन डॉ. आरके श्रीमाली ने भी नेत्रदान के संबंध मे अपना वक्तव्य दिये। उनके होने वाले फायदे के बारे मे उपस्थित स्वास्थ कर्मचारियो को जानकारी दिये, इस कार्यक्रम को नेत्रदान महादान के नाम से जनजागरूकता के तहत आयोजन किया जाता है।

### यूपीएससी परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 23

**बालोद।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रण दिया जा रहा है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थी 23 सितंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक–डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक रजिस्ट्र्ड डाक से भी प्रेषित किया जा सकता है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में दो पक्षों में विवाद, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देर रात गांव मे हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के दौरान दो पक्षो में मारपीट व गाली गलौज की नौबत आ गई, जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम देवरी (ख) थाना गुण्डरदेही निवासी थलेश्वर देशमुख ने पुलिस को बताया कि 07 सितंबर को हमारे गांव के बाजार चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम था, कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात समिति के लोग झांकी सामान को समेट रहे थे। तभी रात्रि करीबन 12.30 बजे चिन्तामणी देशमुख आया व अपने लड़के रेखराज को घर क्यों नही जा रहा है बोलकर मारपीट करने लगा, जिसे मेरे पिताजी डोमन लाल देशमुख एवं मेरे द्वारा मारपीट करने से मना किया तो हम दोनों को गालियां देते हुए डंडा से मेरे पिताजी के पीठ को मारपीट किया है, मैं बीच–बचाव करने लगा तो मेरा दाहिना हाथ को पकड़कर मड़ोर दिया। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की कलाई तथा मेरे पिताजी के पीठ व दाहिने हाथ की उंगली में चोंट आया है। जिसके बाद मैने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस द्वारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ झांकी समेटने के बाद विवाद, मामला पहुंचा थाने

ग्राम देवरी (ख) थाना गुण्डरदेही निवासी चिन्तामणी देशमुख ने पुलिस को बताया कि 07 सितंबर को हमारे गांव के बाजार चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था, जिसे मेरा लड़का रेखराज देशमुख भी देखने गया था, रात्रि करीबन 12.30 बजे तक घर वापस नही आने से मै अपने लड़का को खोजने गया था, मेरा लड़का वही पर खड़ा था।

सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त हो गया था। जिसे मेरे द्वारा कार्यक्रम समाप्त हो गया है, अभी तक तुम घर नही आये हो कहकर मेरे द्वारा समझाईश देते हुए डांट फटकार कर रहा था, उसी समय हमारे गांव के डोमन देशमुख, विक्की देशमुख दोनों आये और अपने लड़के को क्यों डांट फटकार रहा है कहकर गाली गलौच करते हुए दोनों हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे पीठ के पीछे भाग, गला, दाहिने आंख के पास दर्द हो रहा है। जिसके बाद दोनो व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# जनपद पंचायत के संसाधन केंद्र में ब्लॉक प्रोसेसिंग लैब का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडीलोहारा पंकज देव के निर्देशन में 9 से 11 सितंबर तक जनपद पंचायत संसाधन केंद्र में ब्लॉक प्रोसेसिंग लैब का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड डौंडी लोहारा के जनजातीय बाहुल्य 89 ग्रामों का चयन किया गया है।

इसके प्रथम चरण में 9 सितंबर को 30 ग्रामों के 120 प्रतिभागी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान की जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम को समृद्ध बनाने के लिए ग्राम स्तर पर कार्य योजना बनाने निर्देशन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में एस के नंदा, विकास कुमार लावत्रे, गौतम देवांगन, वेद प्रकाश साहू, जेएल देहारी, भूपेंद्र गायकवाड़ व रामोतीन भुआर्य सम्मिलित हुए। यह जानकारी कौशल ठाकुर एडीईओ ने दी।



## उइके बने आत्मनिर्भर, छत पर लगाया 3 किलोवाट सौर सिस्टम

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ने बदली जिंदगी: बिजली बिल शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के ग्राम टेकापार के निवासी रमेश कुमार उइके ने अपने घर की छत पर 03 किलोवाट का सौर सिस्टम स्थापित करवाया है।

■ केन्द्र व राज्य सरकार की सब्सिडी से आसान हुआ सोलर सिस्टम लगवाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस पहल ने न केवल उनके बिजली बिल को शून्य कर दिया है, बल्कि उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर एक नए युग की शुरुआत की है। रमेश कुमार उइके ने बताया कि पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल काफी अधिक आता था, जो उनके लिए आर्थिक बोझ का कारण बनता था। लेकिन, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपने घर पर सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया। 03 किलोवाट के सौर सिस्टम की स्थापना के बाद न केवल उनकी बिजली की जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर वे अब ऊर्जा उत्पादक की भूमिका निभा रहे हैं। रमेश उइके ने उत्साह के साथ कहा कि यह योजना मेरे लिए वरदान साबित हुई है। अब मेरा बिजली बिल शून्य हो गया है। मैं अतिरिक्त बिजली बेचकर कुछ आय भी अर्जित कर रहा हुं। यह शासन की बहुत ही प्रशंसनीय पहल है। उन्होंने इस योजना को आम लोगों को ऊर्जादाता बनाने की क्रांतिकारी पहल करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहले हम बिजली के उपभोक्ता थे, लेकिन अब हम ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। यह शासन की दूरदशऍं सोच है, जो न केवल हमारी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि पर्यावरण को भी स्वच्छ बना रही है।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए जाते हैं, जिससे बिजली का उत्पादन होता है। यह न केवल बिजली बिल को कम करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे सौर सिस्टम लगवाने की लागत कम हो जाती है। जो देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

